HINDI NURSERY

Rhyme (Revision)

# विनय

हम सब नन्हे-नन्हे बच्चे,
हँसते-गाते, सीधे-सच्चे
सदा कार्य हम करें महान्,
इतनी विनय सुनो भगवान्।



4/05/16


## चन्दा मामा

चन्दा मामा जल्दी आओ,
और ना हम सबको भरमाओ।
उड़न खटोले पर बैठाकर,
आसमान की सैर कराओ।



# प्यारी कोयल

प्यारी-प्यारी कोयल काली,
डोल रही है डाली-डाली।
मीठे स्वर में कूक-कूक कर,
आमों की करती रखवाली।



# मोर

नाच मोर का सबको भाता,
जब वह पंखों को फैलाता;
किहूँ-किहूँ का शोर मचाता,
घूम-घूमकर नाच दिखाता।



# मछली

मछली जल की रानी है,
जीवन उसका पानी है।
हाथ लगाओ डर जायेगी,
बाहर निकालो मर जायेगी।

